>

Title: Need to declare Minimum Support Price for Garlic.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा)ः मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा के संभाग परिक्षेत्र में लहसुन की पैदावार बहुत अच्छी हुई है, परन्तु अधिक उत्पादन होने के कारण लहसुन 5 रुपए से 10 रुपए के बीच किसानों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एक बिगहा में लहसुन का उत्पादन करने के लिए रुपए 18,000 की लागत आ रही है। अधिक लहसुन के होने के कारण किसानों को उनकी उत्पादन लागत भी नहीं मिल पा रही है। जिसके कारण किसान जब मंडल में लहसुन बेचने के लिए ले जाता है तो व्यापारी लोग 5 रुपए किलो में लेने को ही तैयार होते है और किसानों को कहा जाता है बेचना हो तो 5 रुपए प्रति किलो के हिसाब से ही व्यापारी देंगे नहीं तो लहसुन को अपने घर ले जाओ। खेद के साथ बताना पड़ रहा है कि लहसुन का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित नहीं किया जाता है। किसानों के हितों को देखते हुए लहसुन का समर्थन मूल्य घोषित तत्काल किया जाना अति आवश्यक है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसानों की हालत में सुधार करने एवं उनकी उत्पादन लागत से अधिक मूल्य मिले इसके लिए लहसुन का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाए।